तेरी भक्ति का है कमाल मेरी माँ

तेरा लाल हो गया है निहाल मेरी मां -2
सब तेरी भक्ति का है कमाल मेरी मां ,
मेरा हाल हो गया है खुशहाल मेरी माँ ।
सब तेरी भक्ति का है कमाल मेरी मां,
तेरा लाल हो गया है निहाल मेरी मां॥

सब मुझे पूछते हैं क्यों मैं इतना मुस्कुराऊं-2
मेरी मां का है यह प्यार जितना चाहूं बढ़के पाऊं,
सदा दुख से मैं रहूं बेख्याल मेरी मां ,
सब तेरी भक्ति ....
तेरा लाल हो गया है निहाल मेरी मां-2

तेरी कृपा की जग में कोई हद ही ना दिखे मां-2
मुझे हर बुरी नजर से सदा दूर तू रखे मां,
कभी रूठे ना तू बड़ी है दयाल मेरी मां।
सब तेरी भक्ति....
तेरा लाल हो गया है निहाल मेरी मां-2
सब तेरी भक्ति....

मां तुझेसे मांगने की आदत ही छोड़ दी है -2
तरसने के लिए तू कभी ना छोड़ती है ,
तेरी ममता से हुआ हूं मालामाल मेरी मां।
सब तेरी भक्ति....
तेरा लाल हो गया है निहाल मेरी मां,
सब तेरी भक्ति....-2

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/33143/title/Teri-bhakti-ka-hai-kamaal-meri-ma

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |